# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–25.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अटल जी की स्मृति में स्मारक डाक टिकट और सिक्का किया जारी, कहा–सुशासन भाजपा सरकारों की पहचान, कांग्रेस पर उपेक्षा का लगाया आरोप।**
- **सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ0 एल मुरुगन का तीन दिवसीय झारखंड दौरा संपन्न, डालटनगंज में आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र का किया भ्रमण, कहा–राज्य की संस्कृति को पहचान दिलाने का हो रहा प्रयास।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि, उनके आदर्शों को आत्मसात करने का जताया संकल्प।**
- **राज्यभर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है क्रिसमस का त्यौहार, सुख, शांति और समृद्धि के लिए की गयी विशेष प्रार्थना।**
- **मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में 28 और 29 दिसंबर को हल्की बारिश का जताया पूर्वानुमान, 31 दिसंबर तक सवेरे छाया रहेगा कुहासा।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए सुशासन सिर्फ एक दिवसीय कार्यक्रम न होकर इसकी सरकारों की पहचान है। अन्य दलों की सरकारों के साथ भाजपा की सरकारों की तुलना का आह्वान करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकारों ने सुशासन के लिए हर मानक पर हमेशा कड़ी मेहनत की है। प्रधानमंत्री ने आज मध्य प्रदेश के खजुराहो में केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी को जोड़ने वाली देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देश्यीय परियोजना की आधारशिला रखने के बाद ये बातें कही। इस मौके पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। श्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री की यादों को साझा करते हुए कहा कि अटल जी सुशासन और सुसेवा के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहे हैं।

*******************

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित उनके समाधि सदैव अटल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई राजनेताओं ने उन्हें विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जल तरंग के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री को स्वरांजलि भी दी गयी।

*******************

राज्यपाल राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को आज उनकी 100वीं जयंती पर नमन किया। इधर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मरांडी ने अटल जी के योगदान का स्मरण किया। उधर रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में अटल जी की जीवनी पर भाजपा कार्यालय में चित्र प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसका नेताओं ने अवलोकन किया।

*******************

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ0 एल0 मुरुगन ने झारखंड के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन आज डालटनगंज में दूरदर्शन और आकाशवाणी केन्द्रों का भ्रमण किया। इस मौके पर डॉ0 मुरूगन ने स्थानीय लोक कलाकारों से भी संवाद किया। वे आकाशवाणी के श्रोताओं से भी रूबरू हुए और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आकाशवाणी और दूरदर्शन के ढांचागत संरचना के विकास के कामों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

केन्द्रीय राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दूरदर्शन के जरिये विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की संस्कृति को देश और दुनिया में पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ0 मुरुगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार लोक प्रसारण सेवाओं को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बाद में डॉ0 मुरूगन ने मोहम्मदगंज में नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भीम चूल्हा पर्यटन स्थल के पास बन रहे रेलवे टनल का भी निरीक्षण किया और प्रोजेक्ट के पूरा होने की समय सीमा और अन्य पहलुओं की जानकारी ली।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता शहीद निर्मल महतो की 74वीं जयंती पर रांची के जेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शहीद निर्मल महतो के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में हर्ष और उल्लास के साथ आज पारंपरिक तरीके से क्रिसमस का त्यौहार मनाया जा रहा है। इस मौके पर इसाई धर्मावलंबियों ने सुख, शांति और समृद्धि के लिए गिरजाघरों में प्रार्थना की। इस दौरान लोगों ने अपने धार्मिक गीत कैरोल गाये और सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले गिरिजाघरों में मध्य रात्रि विशेष अराधना हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई राजनेताओं ने क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनायें दी है।

*******************

खूंटी जिले में कई प्रगतिशील किसान अब नगदी फसल की खेती कर अपनी आमदनी दोगुनी कर रहे हैं।

*******************

महान स्वतंत्रता सेनानी और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की भी आज जयंती मनायी जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें नमन किया है।

*******************

राज्य के कुछ हिस्सों में 28 और 29 दिसंबर को हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 28 दिसंबर को राज्य के पश्चिमी और उससे सटे उत्तरी भागों में हल्की बारिश हो सकती है। आगामी 29 दिसंबर को दक्षिणी पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। 31 दिसंबर तक सुबह के समय कुहासे की स्थिति रह सकती है।

********समाप्त***********